मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दविस के अवसर पर की 13 बड़ी घोषणाएँ

चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सहि धामी ने 77वें स्वतंत्रता दविस के अवसर पर देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजति कार्यक्रम में प्रदेश के लयि 13 बड़ी घोषणाएँ कीं।

प्रमुख बदिु

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परजिनों को सम्मानति भी कयि।

मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणाएँ:

- आमजन को वर्षभर भवन नरि्माण सामग्री ऑनलाइन बुकगि के माध्यम से सीधे घर तक पहुँचाने के लयि एक 'खनजि प्रसंस्करण पोर्टल'बनाया जाएगा। इससे एक ओर खनजिों की कालाबाज़ारी रुकेगी तो वहीं लोगों को सस्ते खनजि पदार्थ आसानी से मलि सकेंगे।
- दुर्गम इलाकों में गर्भवती महलिाओं की सुरक्षा के लयि 'मुख्यमंत्री जच्चा-बच्चा सुरक्षा योजना' प्रारंभ की जाएगी। इसके अंतर्गत वषिम परस्थितियिों में गर्भवती महलिाओं को एयरलफ्टि करने की व्यवस्था के लयि तंत्र वकिसति कयि जाएगा। इस व्यवस्था को 108 एंबुलेंस सेवा से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है।
- राजकीय वदि्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के वदि्यार्थयिों के लयि उनके वषियों की पुस्तक हनि्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों में नःिशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।
- अग्नवीिर योजना के वरिोध प्रदर्शन में शामलि उन युवाओं पर लगे मुकदमे वापस लयि जाएंगे, जो वभिन्नि प्रतयिोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं या स्कूल व कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं।
- राज्य के प्रमुख चौराहों और सड़कों का नामकरण राज्य के स्वतंत्रता संग्राम सेनानयिों, शहीदों, साहत्यिकारों और महान वभिूतयिों के नाम पर कयि जाएगा।
- राज्य में एकल, नरािश्रति, परत्यिक्ता एवं वधिवा महलिाओं को उनके नवािस स्थान पर ही रोज़गार सृजन के लयि प्रोत्साहति करने एवं उनकी आर्थकि स्थतिकिो सुदृढ़ करने हेतु 'मुख्यमंत्री एकल महलिा स्वरोज़गार योजना'प्रारंभ की जाएगी।
- पर्वतीय क्षेत्र के नगरों को वकिसति करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पर्वतीय नगर वकिास योजना के अंतर्गत दोनों मंडलों में एक-एक शहर को मॉडल सटिी के रूप में वकिसति कयि जाएगा।
- मज़दूर वर्ग के बच्चों के लयि उचति शक्षिा एवं संतुलति पोषण सुनश्चिति करने के लयि मोबाइल स्कूल और मोबाइल आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या में वृद्धकिी जाएगी।
- वकिासनगर क्षेत्र में यमुना नदी के कनिारे स्थति प्राचीन नगर हरपिुर को उसके ऐतहिासकि और पौराणकि स्वरूप दलिाने के लयि एक वस्तिृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।
- प्रदेश में जनजातीय संस्कृतकिे संवर्द्धन के लयि जल्द ही राष्ट्रीय जनजातीय सांस्कृतकि कार्यक्रम प्रतयिोगति का आयोजन कयि जाएगा।
- सीमांत गाँव के जनजातीय इलाकों में एकलव्य स्कूलों की संख्या में वृद्धकिरने के लयि केंद्र सरकार से अनुरोध कयि जाएगा।
- एक से अधकि प्रतयिोगी परीक्षाओं में सफल हुए प्रतयिोगयिों के कारण रक्ति हुए पदों पर प्रतीक्षा सूची के आधार पर नयिुक्तपि्रदान की जाएगी। यह प्रतीक्षा सूची एक नश्चिति समयावधतिक मान्य होगी व प्रभावी रहेगी।
- प्रदेश में कुटीर उद्योगों तथा स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लयि तथा इनके उत्पादों की बक्रिी के लयि यूनटिी मॉल की स्थापना की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-made-13-big-announcements-on-the-occasion-of-independence-day